# रेल मंत्री से सवारी गाडियों का किराया कम करने की मांग

गोंडा । पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने भारत सरकार के रेल मंत्री से सवारी गाडियों का किराया कम करने और एक्सप्रेस तथा सुपरफास्ट गाड़ी के रेल टिकट भी मौके पर रेल गाडियों के समयानुसार सुविधा प्रदान किये जाने का आग्रह किया है। रेलवे जोनल समन्वय समिति के राष्ट्रीय सहसंयोजक एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव रेल राज्यमंत्री एवं चेयरमैन रेलवे बोर्ड सुमित शर्मा से आग्रह किया है कि देश भर में कोरोना के नाम पर रेलवे स्पेशल गाड़ी चला रहा है जिसका किराया बहुत ज्यादा है।

पैंसेजर एवं एक्सप्रेस गाडियों का किराया लगभग एक समान कर दिया गया है। जहां पहले 30–40 किमी0 से पहले रेलवे का किराया 10 रू0 हुआ करता था अब 30 रूपये है। इसके अतिरिक्त एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट रेल गाड़ी में बिना आरक्षण अथवा बिना आनलाइन बुकिंग के यात्रा नहीं किया जा सकता है। एक ओर रेल किराया बहुत ज्यादा है ऊपर से जनरल टिकट खिड़की से नहीं मिलता है। इसके कारण दैनिक रेल यात्रियों, व्यापारियों, कर्मचारियों, छात्रों, युवाओं एवं महिलाओं को पिछले डेढ वर्षों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किराया के दरों में वृद्धि के कारण रेल यात्रियों द्वारा बहुत ज्यादा रेल यात्रा न करने की स्थिति में रेलवे के बेण्डरों एवं कुलियों समेत अन्य दैनिक मजदूरों की स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। जेड0आर0यू0सी0सी0 मेम्बर एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने रेलमंत्री, रेल राज्यमंत्री एवं रेलवे बोर्ड अध्यक्ष से कोविड स्पेशल के नाम पर रेलवे किराया कम करने, सभी एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट गाड़ी के टिकट रेलगाडियों के समयानुसार यात्रियो को दिये जाने समेत रेल यात्रियों, रेलवे से जुडे दैनिक कामगारों एवं रेल कर्मचारियो को दी जाने वाली सभी सुविधाएं बहाल करने की मांग की।

# राज्य महिला आयोग की जन सुनवाई में आये 09 प्रकरण

## सर्किट हाउस में महिला अपराधों की हुई समीक्षा बैठक

अयोध्या। उ0प्र0, राज्य महिला आयोग की सदस्य इन्द्रवास सिंह, द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाका अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से जनसुनवाई तथा महिला अपराधों की समीक्षा बैठक स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित की गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला सर्विलान्स अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम परिवर्तन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, महिला थानाध्यक्ष, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, जनपद–अयोध्या, व संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार, ने बैठक में प्रतिभाग किया। थानाध्यक्ष महिला थाना, ने जिले के महिला हत्या, दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, बलात्कार, अपहरण, छेड़छाड़, छीटाकशी, चौन स्नैचिंग से सम्बन्धित महिला अपराधों का आकड़ा प्रस्तुत किया। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या इन्द्रवास सिंह, द्वारा बताया गया कि कोरोना काल में अपने माता पिता को खो चुके बच्चों के भरण पोषण के साथ ही शिक्षा दीक्षा तथा विवाह तक का जिम्मा सरकार ने लिया है, इस योजना के तहत 18 वर्ष की आयु तक के जिन बच्चों के माता पिता या दोनों की कोरोना संक्रमण के कारण मृत्यु हो गयी है, उन्हें इस योजना के तहत 4 हजार रूपये प्रतिमाह दिया जायेगा तथा कोरोना काल में अनाथ हुई लडकियों को विवाह योग्य होने पर 1 लाख 1 हजार रूपये की आर्थिक मदद मिलेगी। महिलाओं की सुरक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। जन सुनवाई में कुल 9 प्रकरण प्रकाश में आये जिसमें जमीनी विवाद, आवासीय विवाद, घरेलू हिंसा, सेवा प्रदाता कर्मचारी को मातृत्व अवकाश के दौरान बेतन न मिलने से संबंधित, प्रकरणों को सुना गया तथा उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 4 नये आवेदन भी कराया गया, तथा उ0प्र मुख्यमंत्री वाल सेवा योजना के सम्बन्ध में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अवतक जनपद के 154 बच्चों के खते में पैसा अन्तरित किये जा चुके हैं। सदस्य इन्द्रवास सिंह, ने उक्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केन्द्र व वन स्टाप सेंटर के कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# एलआईसी के एमडीआरटी अभिकर्ताओं का हुआ सम्मान

अयोध्या। कोरोना महामारी के इस दौर में जहां लोग घरों मे कैद होने को मजबूर हो गये थे, वहां एल0आई0सी0 के अभिकर्ताओं ने निरन्तर प्रयासरत रहते हुए बीमा जागरूकता अभियान के तहत आम जनमानस को बीमा की महत्ता को समझाया । इसी उपलक्ष्य में आज फैजाबाद मण्डल द्वारा 56 एम0डी0आर0टी0 अभिकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इन सभी अभिकर्ताओं को नव व्यवसाय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमेरिका मै होने वाले एम0डी0आर0टी0 सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा । इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक चन्द्र सिंह दास्पा ने फैजाबाद मण्डल के अन्तर्गत कार्य करने वाले सभी लगभग 17000 अभिकर्ताओं से आवाहन किया कि वे सभी अपने क्षेत्र में बीमा जागरूकता अभियान चलाएं तथा सभी बीमा योग्य व्यक्तियों को बीमा की जानकारी उपलब्ध कराएं और सभी लोगों को उनकी आवश्कता के अनुसार बीमा का सुझाव दें तथा यथा सम्भव आनन्दा माडयूल का प्रयोग करते हुए ग्राहकों को घर बैठे बीमा उपलब्ध कराएं ।

इस उपलक्ष पर वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक द्वारा अभिकर्ताओं के विकास हेतु भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्तर मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक के सन्देश का अनावरण किया गया । इस अवसर पर विपणन प्रबन्धक दिनेश कुमार पाण्डेय, प्रबन्धक(विक्रय) अवेद्य नाथ दुबे, प्रबन्धक(बी0ए0सी0) एस0पी0 गुप्ता व सहायक शाखा प्रबन्धक श्री अक्षत श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

# फैजाबाद डाक मण्डल डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन बीमा में प्रथम

### फैजाबाद तथा अम्बेडकरनगर में डाक जीवन बीमा का था विशेष अभियान

अयोध्या। फैजाबाद मण्डल डाकघर कार्यालय में डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय में फैजाबाद मण्डल को लखनऊ रीजन में पहला स्थान प्राप्त होने पर मण्डल के कर्मचारियों ने फैजाबाद मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर आर एन यादव से पीएलआई टॉपर का केक कटवाकर खुशी मनाया । श्री यादव ने इस अवसर पर मण्डल के कमर्चारियों के मेहनत की सराहना करते हुए सभी को बधाई दिया और बताया कि डाक जीवन बीमा देश की सबसे पुरानी विश्वासनीय सेवा है सभी बीमा कम्पनियों की तुलना में डाक जीवन बीमा में अभिकर्ता या अन्य खर्च न होने के कारण कम किश्त लेकर अधिक भुगतान दिया जाता है । आज 69000 प्राइमरी के अध्यापकों को अभी से भविष्य के आयकर से बचने के लिए यह डाक जीवन बीमा पॉलिसी उपयोगी होगी श्री यादव ने सभी प्राइमरी अध्यापक, नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को डाक जीवन बीमा पॉलिसी अपनाने की अपील किया । इस दौरान परिवाद निरीक्षक अल्का गौड़ ने बताया कि डाक जीवन बीमा पॉलिसी का विस्तार करते हुए सरकार ने अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजीनियर तथा सविंदा कर्मियों का भी बीमा करने के लिए दायरा बढाया गया है डाक जीवन बीमा का पुनः 10, 11, 24, 25 अगस्त को व्यापक स्तर पर अभियान। मुख्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में फैजाबाद तथा अम्बेडकरनगर जनपद में डाक जीवन बीमा के विशेष अभियान में 19.22 करोड़ पीएलआई तथा 16.90 करोड़ ग्रामीण डाक जीवन बीमा में कुल 36.12 करोड़ का बीमा व्यवसाय करते हुए 59 लाख से अधिक किश्त जमा करवाया गया है । इस अवसर पर अजय पाण्डेय, विजय यादव, अनुज यादव, जय शंकर प्रसाद वर्मा, अनामिका, प्रियंका शुक्ला, कुसुम लता वर्मा तथा राघवेंद्र सिंह, हिमान्शु, चन्द्रेश वर्मा अजीत सिंह, हरीराम मौर्य आदि दर्जनों मौजूद रहे ।

# लाइसेंस लिए बिना 17 बोरी पानी पाउच को सीज किया गया

गोंडा 4 अगस्त। नगर के घोसियाना स्थित शादाब हुसैन नामक व्यक्ति द्वारा अवैध पानी के पाउच बनाने की सूचना प्राप्त होने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा छापा मारा गया। मौके पर शादाब हुसैन द्वारा बिना उचित खाद्य लाइसेंस लिए बिना पानी के पाउच पैक किए जा रहे थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा पानी के पाउच का नमूना लेकर बने हुए 17 बोरी पानी पाउच को सीज कर दिया गया है। पैकिंग मशीन को भी सीज कर दिया गया है। लिए गए सैंपल को जांच हेतु भेजा जा रहा है जिसकी रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार तथा हीरा लाल द्वारा उपरोक्त कार्यवाही की गई।

# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ पत्रकार लामबन्द

जौनपुर। जनपद के पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने पत्रकार अरुण कुमार यादव का पुलिस द्वारा उत्पीड़न किये जाने पर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपते हुए लामबन्द पत्रकारों ने यह मांग किया कि कोतवाली पुलिस के द्वारा पत्रकार का उनके द्वारा लिखी गई खबरों से आहत होकर पुलिसिया उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसा कर उन्हें समाज विरोधी ,चोर और शातिर अपराधी बता कर उत्पीडन किया जा रहा है। उनकी खबरों और लेखनी को विराम लगाने के लिये उन्हें उप्र गुण्डा एक्ट में निरुद्ध करने के लिए नोटिस दे कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। ज्ञापन में पत्रकारों ने मांग की है कि पत्रकार की पुलिस द्वारा मानसिक और शारीरिक एवं सामाजिक उत्पीड़न और शोषण की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से रोकी जाय। और पुलिस के द्वारा लगाये गए सभी आरोपों की जांच निष्पक्ष रूप से करा कर दोषी पुलिस जन के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। और उ प्र गुण्डा एक्ट की कार्यवाही समाप्त की जाए। इस मौके पर पत्रकार विजय प्रकाश मिश्र ,डॉ0 जीपी सिंह ,राजेश श्रीवास्तव , अजीत सिंह, मनीष कुमार पटेल ,रियाजुल हक,दयालु श्रीवास्तव, वीरेन्द्र गुप्ता,,सन्तोष कुमार,संजय चौरसिया,दीपक मिश्र , राजकुमार सिंह ,जुबेर अहमद, राम चन्द्र नागर ,अरुण कुमार यादव , असलम परवेज , राजकुमार यादव, अविनाश कुमार , संतोष कुमार, डॉ यशवंत गुप्ता, मंगला तिवारी, मनीष पटेल,परेश सिन्हा,विद्याधर राय विद्यार्थी ,अरविंद कुमार पटेल ,सुशील कुमार ,सन्तोष राय ,वीरेन्द्र पांडेय ,मनीष श्रीवास्तव,फखरे आलम , वीरेंद्र गुप्ता ,अजीत बादल शशिराज सिन्हा ,जावेद अहमद, जावेद रिजवी,पंकज वर्मा ,फखरे राईन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया शातिर बदमाश

अयोध्या। नगर कोतवाली पुलिस टीम ने मुठभेड़ में शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस के मुताबिक एक और बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। ........................ को मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि कोतवाली नगर की पुलिस काफी दिन से रोहित दुबे की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना के बाद कोतवाली नगर के गुदरी बाजार चौराहा से पीछा करते पुलिस अफीम कोठी के पास पहुंची। जहां वह घेरकर चोर रोहित दुबे और सत्यम को पकड़ना चाहती थी, तभी चोरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।जिसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें रोहित के दाहिने पैर में गोली लगी है।जबकि दूसरा आरोपी सत्यम अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश से पूछताछ चल रही है। शुरुआती पूछताछ में बदमाशों ने कई अहम घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। रोहित दुबे थाना क्षेत्र कूरेभार सुलतानपुर का रहने वाला है। इसके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल और तमंचा तथा कारतूस बरामद हुआ है। रोहित पर अयोध्या जनपद में कई चोरी की वारदात में शामिल होने का आरोप है।

# पुलिस कार्यालय गोण्डा में नियुक्तमहिला आरक्षी के पुत्र का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन, पुलिस अधीक्षक ने मुंह मीठा करा कर बधाई दी

गोंडा। पुलिस कार्यालय गोण्डा में नियुक्त महिला आरक्षी के पुत्र का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने पर पुलिस अधीक्षक ने मुंह मीठा करा कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पुलिस कार्यालय गोंडा में बाल किशोर पुलिस इकाई शाखा में नियुक्त महिला आरक्षी बबिता सिंह के पुत्र समीर सिंह का चयन सेना में लेफ्टिनेंट पद पर होने पर पुलिस अधीक्षक गोंडा संतोष कुमार मिश्रा ने महिला आरक्षी व उसके पुत्र को पुलिस कार्यालय बुलाकर मुंह मीठा कराया तथा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की उसे शुभकामनाएं दी।

# पुलिस प्रशासन की बैठक में नहीं जायेंगे मुस्लिम

जौनपुर। नगर के उर्दू बाजार में मुस्लिम समुदाय की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मुस्लिम समाज के लोग जो पीस कमेटी के सदस्य हैं, वह पुलिस प्रशासन की किसी भी बैठक में नहीं जायेंगे। मुस्लिम समाज के शिया एवं सुन्नी आलिमों ने कहा कि हम बिरादराने इस्लाम मोहर्रम के सिलसिले से डीजीपी उत्तर प्रदेश द्वारा अपने मातहतों को जारी दिशा निर्देश में मोहर्रम के सिलसिले से गलत शब्दों के इस्तेमाल व मोहर्रम की हुरमत को पामाल करने के बयान की सख्त निंदा करते हैं और हम शिया एवं सुन्नी कल भी भाई–भाई रहे हैं और आगे भी रहेंगे। आपस में लड़ाने वालों के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। हम उल्माये जौनपुर बिरादराने इस्लाम से अपील करते हैं कि जब तक डीजीपी उत्तर प्रदेश अपने बयान पर माफी नहीं मांग लेते हैं, तब तक हम पुलिस प्रशासन द्वारा किसी भी बैठक में शामिल नहीं होंगे। बैठक में इसरार हुसैन एडवोकेट, सै. मोहम्मद हसन, शिया धर्म गुरू सै. सफदर हुसैन जैदी, इमाम ए जुमा जौनपुर मौलाना महफुजुल हसन खां, डा. कमर अब्बास, नेयाज ताहिर शेखू, मौलाना सलीम शेरवानी, शहंशाह रिजवी एडवोकेट, मेंहदी रजा एडवोकेट, सै. परवेज हसन, नजमी जौनपुरी, अजहर गुलाब आदि उपस्थित रहे।

# लोजपा छोड़ लोकदल की सदस्यता लिया

जौनपुर। राष्ट्रीय लोकदल की बैठक जिला उपाध्यक्ष डा०एसएरिजवी के आवास मुफ्ती मोहल्ला पर जिलाध्यक्ष डा०सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई , जहां पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत लोक जनशक्ति पार्टी से आए ताड़तला निवासी मोहम्मद इस्लाम खघन अपने साथियों रमेश कुमार विश्वकर्मा, गोपाल प्रसाद,बबलू एवं बीरू कुमार बिन्द के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष डा०सत्येन्द्र सिंह ने सभी का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया तथा कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए वूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में सम्मिलित करें तथा पूर्व प्रधान मंत्री स्व०चौधरी चरण सिंह एवं स्व०चौधरी अजित सिंह की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाएं और राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी जी के हाथों को मजबूत बनाने का कार्य करें ।

# मुठभेड़ में लगी गोली, तीन गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के चंदवक पुलिस और बदमाशों के बीच तड़के बलरामपुर गांव के पास मुठभेड़ हो गई। पुलिस की तरफ से हुई फायरिग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ में घायल बदमाश के साथ ही उसके दो और साथी भी गिरफ्तार कर लिए गए। बदमाशों के पास से एक तमंचा, कारतूस और चोरी की दो बाइक बरामद हुई। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां वाराणसी भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि चंदवक क्षेत्र में रात के समय गश्त व चेकिग चल रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक अपराधी नरकटा फोक की ओर से बलरामपुर गांव की तरफ आ रहा है। उसके दो अन्य साथी भी चोरी की मोटरसाइकिल से बलरामपुर आने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी। तभी नरकटा फोक की तरफ से आने वाले एक बाइक सवार को रोका गया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिग में उसके पैर में गोली लग गई। पुलिस जब उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राज बहादुर भारती उर्फ सनी निवासी आदमपुर थाना लाइन बाजार बताया। बताया कि बाइक चोरी की है। इसके बाद उसे इलाज के लिए वाराणसी भेज दिया गया। थोड़ी ही देर बाद वहीं से उसके दो अन्य साथी भी एक अन्य चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आशीष कुमार निवासी रसड़ा व साहिल गौतम निवासी नयनसंड थाना गौराबादशाहपुर बताया। जांच में पता चला कि सभी शातिर वाहन चोर हैं। चंदवक व आसपास के थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी किया करते हैं। इसी रास्ते बाइक बेचने के लिए वाराणसी जाते थे।

# डेढ किलो अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 देहात पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त शिवबदल पुत्र लाल साहब नि0 मुण्डेरवा कला थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। अभियुक्त पर मु0अ0सं0–305ध्21, धारा 8ध्20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना को0 देहात जनपद गोण्डा` वास्ते रिमांड न्यायालय रवाना किया गया।'गिरफ्तार कर्ता टीम में उ0नि0 संजीव कुमार मय टीम शामिल रहे।

# राममंदिर निर्माण को देख सकेंगे श्रद्धालु

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य को जल्द ही श्रद्धालु अपनी आंखों से देख सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामलला के दर्शन मार्ग से एक नए रास्ते को बनाए जाने पर कार्य कर रहा है। राम मंदिर निर्माण के लिए नींव की भराई का काम पूरे होते ही राम भक्तमंदिर को बनते देख सकेंगे। ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र का कहना है कि राम मंदिर निर्माण की नींव भराई का कार्य 60 फीसदी से ज्यादा पूर्ण हो चुका है। 44 लेयर में से 24 लेयर बनकर तैयार हो चुके हैं। 25 वीं लेयर को बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। आगामी सितंबर तक नींव निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा। अक्टूबर से राम मंदिर की प्लिंथ (चबूतरे) को बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। राम मंदिर की नींव के ऊपरी भाग में राफ्ट निर्माण किया जाएगा जो 2 मीटर से ज्यादा ऊंचा होगा और जमीन के 5 फिट नीचे तक रहेगा। जिसको मिर्जापुर के पत्थरों से बनाया जाएगा। राम मंदिर का प्लिंथ 15 फीट ऊंचा होगा। जिसके चारों ओर पानी से बचाने के लिए ग्रेनाइट पत्थर को लगाया जाएगा। ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र का कहना है कि मार्च 2022 तक राम मंदिर के प्लिंथ का निर्माण पूरा हो जाएगा और उसके बाद अप्रैल 2022 से राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पिंक सैंड स्टोन से मंदिर निर्माण कार्य का प्रारंभ हो जाएगा। वर्ष 2023 में रामभक्त श्रद्धालु रामलला के मूल जन्म स्थान में दर्शन कर सकेंगे।

# फाउंडेशन ने स्वास्थ्य केंद्र में बैठने की व्यवस्था

जौनपुर। सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने गोद लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा पर जनता की सुविधा के लिए बैठने का समुचित प्रबंध करते हुए थ्री सीटर कुर्सियों एवं सीलिंग फैन की व्यवस्था उपलब्ध कराई।विशेष कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत टीकाकरण के लिए उपस्थित समस्त ग्रामवासियों को सखी वेलफेयर फाउंडेशन टीम ने कोरोना से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए फ्री मास्क एवं सेनिटाइजर का वितरण किया। संस्था ने टीकाकरण के समय उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को सेनेटरी पैड के उपयोग के प्रति जागरूक किया तथा माहवारी के दिनों में गलत तरीके इस्तेमाल करने से होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय बताए एवं फ्री सेनेटरी पैड का वितरण भी किया। केंद्र के अधीक्षक डॉ0 श्यामधर ने वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया। संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, महासचिव तूलिका श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष स्वर्णिमा जायसवाल, उपाध्यक्ष अर्चना सिंह,निदेशक पिंकी जायसवाल,फार्मासिस्ट मुकेश मिश्र,राजाराम,शेष नारायण सिंह, विंध्यवासिनी पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# चलती सड़क पर ट्रक बनी आग का गोला

सोहावल–अयोध्या। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लखनऊ से अयोध्या की ओर दवा लादकर जा रही ट्रक में लखौरी व धन्नीपुर के बीच ओवर ब्रिज के नीचे बीती रात लगभग 12 बजे अचानक धुँआ उठने लगा और धू धू कर जलने लगी।ड्राइवर रज्जन मिश्रा ने जब ट्रक में धुआं व आग की लपटें देखी तो सड़क के किनारे ओवर ब्रिज के नीचे रोड के किनारे ट्रक को खड़ी करके फायर बिग्रेड को फोन किया।ट्रक चालक के अनुसार रात्रि 12 बजे फोन करने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी लगभग डेढ़ घंटा लेट लगभग डेढ़ बजे आई।तब तक ट्रक में लदी सारी सामग्री जलकर राख हो चुकी थी।मौके पर मौजूद ड्राइवर रज्जन मिश्रा ने बताया कि ट्रक में हिमालया कम्पनी की दवाइयां लादकर लखनऊ स्थित एक ट्रांसपोर्ट के जरिये गोरखपुर जा रहे थे कि रास्ते में अचानक यह हादसा हो गया। चालक के अनुसार ट्रक मालिक व ट्रांसपोर्ट मालिक सावंत साहब अब आये हैं और थाने पर रपट लिखाने गये हैं।इस बारे में रौनाही थाने के एस एस आई शमशाद अली ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलते ही उचित कार्यवाही की जाएगी।इस घटना में भी एन एच ए आई व टोल कर्मियों की लापरवाही पुनः सामने आई है।भाजपा नेता अनिल गुप्ता के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी घटना दुर्घटना व वाहन में आग लग जाने पर एन एच ए आई की जिम्मेदारी बनती है।टोल प्लाजा से घटना स्थल लगभग 500 मीटर की दूरी पर है। पूरी ट्रक जल जाने के बाद भी अभी तक कोई झांकने तक नहीं गया।

# सम्पादकीय

**टोक्यो ओलंपिक को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हैट–ट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी वंदना कटारिया के लिये भी याद किया जायेगा। पूरे मैच में टीम जिस तरह एक होकर खेली, उसने टीम का हौसला सातवें आसमान में पहुंचा दिया। साथ ही...**

## खुशी मिली इतनी कि मन में न समाय

महामारी से उदास देश को महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एक उत्सव जैसी उमंग व उत्साह दे दिया। हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने और रविवार को पीवी सिंधु द्वारा कांस्य पदक जीतने से देश को जो खुशी मिली थी, इस जीत ने उसे दुगना कर दिया। पूरा देश खुशी से झूम उठा। प्रधानमंत्री से लेकर संतरी तक ने अपनी–अपनी तरह से टीम को बधाई देकर उसका हौसला बढ़ाया। दरअसल, लगातार तीन मैच हारने के बाद लोग भूल ही गए थे कि भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो में है भी। क्वॉर्टर फाइनल में पदक की दावेदार मानी जाने वाली आस्ट्रेलिया की टीम को हराकर भारतीय बेटियों ने पूरी दुनिया को चौंकाया ही है। भले ही ये जीत गुरजीत कौर के अकेले गोल से आयी, लेकिन पूरी टीम एक होकर खेली है। खासकर मैच जिताने के लिये सबसे ज्यादा तारीफ किसी की हो रही है तो हरियाणा की बेटी सविता पूनिया की, जिसने आस्ट्रेलिया के हमलों को भौंथरा कर दिया। सात पेनल्टी कॉर्नर बेकार करके हमारी गोलकीपर ने आस्ट्रेलियाई खिलाडियों का मनोबल बेदम कर दिया। इस जीत में डच कोच शॉर्ड मॉरिन की कोचिंग को भी श्रेय देना होगा, जिन्होंने पिछले दिनों नीदरलैंड से बुरी हार के बाद पूरी टीम की जमकर क्लास लगायी थी। ये मानना ही होगा कि मॉरिन ने भारतीय हॉकी टीम की मारक क्षमता को धारदार बनाया है। सही मायनों में भारतीय महिला टीम की इस बात के लिये तारीफ करनी होगी कि उसने लगातार नीदरलैंड, जर्मनी व ब्रिटेन से हारने के बाद हौसला नहीं खोया। फिर आयरलैंड व दक्षिण अफ्रीका को हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनायी। ऐसे में इस अप्रत्याशित जीत ने जहां कुछ खेलप्रेमियों के रौंगटे खड़े कर दिये तो कुछ के आंखों में खुशी के आंसू भर दिये। लेकिन एक बात साफ हो गई कि भले ही देश क्रिकेट का दीवाना हो, लेकिन हॉकी से देश अपनी अस्मिता जोड़कर देखता है। उसमें हार–जीत से जुड़ता है।

ये देश के हॉकी से जुड़ाव का ही नतीजा है कि देशवासियों ने क्वॉर्टर फाइनल की जीत को फाइनल की जीत की तरह से देखा। देश में मान्यता रही है कि हॉकी का विकास भारतीय परिवेश में हुआ। ओलंपिक में हॉकी में भारतीय खिलाड़ी तब से स्वर्ण पदक जीत रहे हैं, जब भारतीयों की जीत पर ब्रिटेन का झंडा लहराया जाता था। आजाद भारत में उसी शान से हॉकी का खेल जीतकर भारतीय तिरंगे की शान देखने को आतुर हैं। मास्को में हुए आधे–अधूरे ओलंपिक के चार दशक बाद भारतीय बेटियों का क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंचना भारतीयों को उद्वेलित कर गया। बहरहाल, इस बात का श्रेय हॉकी इंडिया को भी देना होगा कि जिसने खिलाडियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करायी और खिलाडियों को लगातार विदेशों में खेलने का मौका दिया। टीम को विदेशी कोच उपलब्ध कराये। वहीं ओडिशा सरकार को भी श्रेय, जिसने टीम को प्रायोजित करके संबल दिया। आज महिला हॉकी टीम यूरोपीय खिलाडियों की तरह बेहतर फिटनेस के साथ खेल रही हैं, जिसके चलते सोमवार की जीत के बाद सारे देश में श्चक दे इंडियाय्व के नारे लगते रहे, सोशल मीडिया पर भी यही ट्रेंड चलता रहा। हरियाणा के लिये तो यह विशेष रूप से इतराने का मौका है कि महिला हॉकी टीम की कप्तान, गोलकीपर समेत आधी से ज्यादा टीम हरियाणा से है। बेहद सामान्य पृष्ठभूमि व निजी जीवन के कठोर संघर्षों के बाद ये बेटियां इस मुकाम पर पहुंची हैं। पुरुष वर्चस्व वाले समाज से निकलकर बेटियों ने हॉकी के खेल को नई ऊंचाई प्रदान की है।

## सफलता की रौशनी में हिस्सेदारी का हुनर

आलोक पुराणिक

मीराबाई चानू ओलंपिक से पदक लेकर लौटीं, देश का नाम रौशन किया, अपना नाम रौशन किया, गांव का नाम रौशन किया और एक पिज्जा का नाम रौशन करने की डील भी उन्होंने कर लिया। मीराबाई चानू इंटरनेट पर एक पिज्जा के साथ दिखायी देंगी। पिज्जा की उनकी सफलता में भूमिका क्या रही है, यह सवाल व्यर्थ है क्योंकि यह सवाल पूछा गया तो फिर और सवाल खड़े हो जायेंगे। पिज्जा के बाद वह और भी तमाम ब्रांडों के साथ दिख सकती हैं। देश की बेटियां नाम रौशन कर रही हैं, पर जब उनका नाम रौशन हो जाता है, तो फिर उस रौशनी में हिस्सा मांगने बहुत आइटम बहुत ब्रांड आ जाते हैं। कोई पिज्जा आ जाता है। कोई कार आ जाती है। कोई बाइक आ जाती है। कोई बल्ब आ जाता है। कोई जूता आ जाता है। कोई आटा हो जाता है। कोई ब्रेड आ जाती है। कोई मोबाइल आ जाता है। खिलाडियों की रौशनी के सैकड़ों हिस्सेदार उठ खड़े होते हैं। ब्रांड तो अपना भुगतान करते हैं। नेता भी उठ खड़े होते हैं, जिनका बस चले तो वह ओलंपिक खेलों के आयोजन का क्रेडिट भी खुद ही ले लें। बल्कि अगर ओलंपिक में नेताओं का बस चलता तो नेताओं के बेटे–बेटियां ही जाकर वहां खेल दिखा रहे होते। पीढ़ी दर पीढ़ी हॉकी के खिलाड़ी एक ही परिवार से आते। पीढ़ी दर पीढ़ी बैडमिंटन के खिलाड़ी एक ही परिवार से आते। सौभाग्य से ओलंपिक गेम्स नेतागिरी सरीखे काम न हैं, यहां काम करके दिखाना पड़ता है। बाप का नाम काम न आता है। यह नेताओं का दुर्भाग्य है और खेलों का सौभाग्य है। खैर, मीराबाई चानू के खेल का क्रेडिट एक पिज्जा को मिलेगा, यूं वह अब तक के खेल का क्रेडिट जूतों के एक ब्रांड को देती रही हैं। मेहनत और लगन की बात खिलाड़ी आम तौर पर कम करते हैं, जिनका सबसे बड़ा योगदान किसी भी खिलाड़ी की कामयाबी में होता है। मेहनत अगर किसी वाशिंग पाउडर का नाम होता और लगन किसी ब्यूटी क्रीम का नाम होता, तो जरूर ही खिलाड़ी मेहनत और लगन का जिक्र करते अपनी कामयाबी में। पर अभी मेहनत नाम का वाशिंग पाउडर न है और लगन नाम की कोई ब्यूटी क्रीम न है, सो मेहनत और लगन की बात कम ही करते हैं खिलाड़ी। इधर खिलाड़ी कामयाब होता है, उधर उसके इर्दगिर्द ब्रांड मंडराने लगते हैं। ब्रांड भी एक तरह से परजीवी टाइप ही होते हैं, अपने बूते खड़े होने में आफत आती है। अगर कोई वाशिंग पउडर है, तो उसे अपनी ही क्वालिटी से चमकना चाहिए न कि अमिताभ बच्चन की ऊंचाई का सहारा लेकर बिकना चाहिए। इसलिए मोटे तौर पर यही माना जा सकता है कि अगर मीराबाई चानू ही खुद क्रेडिट दे रही हैं, तो किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। मीराबाई की कामयाबी का राज कोई पिज्जा है, यह बात नये खिलाडियों को पूरे तौर पर न समझनी चाहिए। उन्हें मीराबाई की मेहनत देखनी चाहिए, लगन देखनी चाहिए। लगातार काम करते रहने का जज्बा देखना चाहिए। मीराबाई का सिर्फ पिज्जा न देखना चाहिए।

## भिक्षावृत्ति उन्मूलन व पुनर्वास की जरूरत

**केन्द्र सरकार ने 2013 में एक लाख से अधिक आबादी वाले 790 शहरों के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी गरीब बेघरों के लिये स्थाई आश्रयों के निर्माण की योजना शुरू की थी। इसके बावजूद बेघरों और भिखारियों को सड़कों, रेलवे प्लेटफार्म और फ्लाईओवर के नीचे रात गुजारते देखा जा सकता है। लोकसभा में 2018 में भिक्षावृत्ति उन्मूलन और पुनर्वास विधेयक भी पेश किया गया लेकिन यह मामला ...**

अनूप भटनागर

हमारा संविधान देश के सभी नागरिकों को जीने की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। जीने के लिये रोटी, कपड़ा और मकान के साथ ही रोजगार जरूरी है, जिसे उपलब्ध कराने में सरकारें विफल रही हैं। सामाजिक–आर्थिक विषमता और शिक्षा के अभाव का नतीजा यह हुआ है कि आज शारीरिक अक्षमता से ग्रसित लोगों के अलावा बड़ी संख्या में स्वस्थ व्यक्ति, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, भिक्षावृत्ति के जरिये जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। इस स्थिति को बदलना होगा।

निरूसंदेह, कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से भीख नहीं मांगता लेकिन परिस्थितियां ऐसी हो चुकी हैं, जिसमें आज धार्मिक और पर्यटन स्थलों के बाहर तथा शहर के प्रमुख चौराहों या व्यस्त मार्गों पर बच्चे तक भीख मांगते नजर आते हैं। इनकी परेशानियों से बेखबर हमारा अभिजात्य और कुलीन वर्ग चाहता है कि देश में भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध लगाया जाए और ऐसा करने वालों को दंडित किया जाए।

लेकिन, उच्चतम न्यायालय का स्पष्ट मत है कि भीख मांगना एक सामाजिक–आर्थिक मसला है और न्यायपालिका इस पर प्रतिबंध नहीं लगा सकती। न्यायालय महसूस करता है कि रोजगार और शिक्षा के अभाव में संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रदत्त जीने के अधिकार के तहत कुछ लोग अपनी कतिपय बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिये आज भीख मांगने को मजबूर है। वैसे देश के कई हिस्सों में भिक्षावृत्ति कराने वालों के संगठित गिरोहों के बारे में भी खबरें मिलती रहती हैं। पुलिस अक्सर ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ भी करती है। ये गिरोह बच्चों को अगवा करके उनसे भीख मंगवाते हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अगस्त, 2018 में भिक्षावृत्ति को बंबई भिक्षावृत्ति निवारण कानून के अंतर्गत अपराध के दायरे से बाहर करते हुए जबरन भिक्षावृत्ति कराने वाले व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने संबंधी कानूनी प्रावधान को बरकरार रखा था। न्यायालय ने कहा था कि लोगों, विशेषकर बच्चों को, भीख मांगने के लिये बाध्य करने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। दिल्ली में बंबई भिक्षावृत्ति निवारण कानून लागू है।

इस समय कई राज्यों में भिक्षावृत्ति निवारण कानून हैं। इनमें पंजाब भिक्षावृत्ति निवारण कानून, हरियाणा भिक्षावृत्ति निवारण कानून, बिहार भिक्षावृत्ति निवारण कानून, मध्य प्रदेश भिक्षावृत्ति निवारण कानून, गुजरात भिक्षावृत्ति निवारण कानून और बंबई भिक्षावृत्ति निवारण कानून शामिल हैं। इन कानूनों में भिक्षावृत्ति दंडनीय अपराध है। भिक्षावृत्ति को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की उच्च न्यायालय की व्यवस्था के बाद ही उच्चतम न्यायालय में विभिन्न राज्यों में इस तरह के कानून को निरस्त करने के लिये जनहित याचिकाएं दायर की गयीं। इन याचिकाओं पर न्यायालय ने केन्द्र और संबंधित राज्य सरकारों से जवाब भी मांगा था। लेकिन इसी बीच, कोरोना काल में भीख मांगने वाले वर्ग के टीकाकरण और उनके पुनर्वास का मसला न्यायालय में आ गया। इस मामले में भी भीख मांगने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया, जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया और याचिकाकर्ता से कहा कि वह इस आग्रह को याचिका से हटायें।

न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की पीठ का मत था कि भीख मांगना एक सामाजिक–आर्थिक समस्या है और इसका समाधान भीख मांगने के लिये मजबूर व्यक्तियों का सरकार द्वारा पुनर्वास और उनके लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करना है। इसमें कुछ गैर–सरकारी संगठन भी भूमिका निभा सकते हैं। हो यह रहा है कि राजनीतिक दल चुनावों के दौरान इस तरह के वादे तो करते हैं, परंतु सत्ता में आने के बाद इन्हें भूल जाते हैं।

समाज के इस उपेक्षित वर्ग की भोजन और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के मामले में समय–समय पर न्यायपालिका हस्तक्षेप करती रहती है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में इन भिखारियों और बेसहारा लोगों के लिए रैन बसेरों का निर्माण किया गया। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 18 लाख लोग बेघर और बेसहारा थे। निश्चित ही दस साल में इनकी संख्या में काफी वृद्धि हो गयी होगी। इसी तरह, 2011 की जनगणना के अनुसार देश में भीख मांग कर जीवनयापन करने वालों की संख्या 4,13,670 थी, जिसमें अब काफी इजाफा हो गया होगा।

केन्द्र सरकार ने 2013 में एक लाख से अधिक आबादी वाले 790 शहरों के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी गरीब बेघरों के लिये स्थाई आश्रयों के निर्माण की योजना शुरू की थी। इसके बावजूद बेघरों और भिखारियों को सड़कों, रेलवे प्लेटफार्म और फ्लाईओवर के नीचे रात गुजारते देखा जा सकता है। लोकसभा में 2018 में भिक्षावृत्ति उन्मूलन और पुनर्वास विधेयक भी पेश किया गया लेकिन यह मामला आगे नहीं बढ़ सका। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिये समाज के इस वर्ग के पुनर्वास के कार्यक्रम पर सख्ती से अमल करना चाहिए। साथ ही, बच्चों से भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये सरकार को मानव तस्करी से संबंधित कानूनों पर सख्ती से अमल सुनिश्चित करना चाहिए।

## अमीरों के पलायन से उपजे प्रश्न

**अंत में एक और कदम सरकार को उठाना चाहिए। जो शिक्षित एवं अमीर देश छोड़कर पलायन करना चाहते हैं, उनसे भारत की नागरिकता छोडने के लिए विशेष टैक्स लगाकर भारी रकम वसूल करनी चाहिए। देश में ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने किसी समय अमेरिका की नागरिकता ले ली थी और बाद में वे उस नागरिकता को छोडना चाहते थे। अमेरिकी सरकार ने नागरिकता छोडने के लिए उनसे भारी मात्रा में एग्जिट टैक्स...**

भरत झुनझुनवाला

एफ्रो एशियन बैंक द्वारा 2018 में प्रकाशित श्ग्लोबल वेल्थ माइग्रेशन रिव्यूय में बताया गया कि उस वर्ष चीन से 15000 अमीरों ने पलायन किया, रूस से 7000 ने, तुर्की से 4000 ने और भारत से 5000 अमीरों ने पलायन किया। इन चार में पहले तीन देश चीन, रूस एवं तुर्की में तानाशाही सरकार है जबकि भारत में लोकतांत्रिक। हम मान सकते हैं कि चीन आदि देशों से पलायन का कारण वहां की तानाशाही और घुटन हो सकती है लेकिन भारत का इस सूची में सम्मिलित होना खतरे की घंटी है क्योंकि हमारे यहां लोकतंत्र विद्यमान है। एफ्रो एशियन बैंक ने यह भी बताया है कि इन देशों से पलायन किये अमीरों में 12,000 ऑस्ट्रेलिया गए, 10000 अमेरिका, 4000 कैनेडा और 100 से अधिक मॉरिशस गए। इनमें ऑस्ट्रेलिया आदि पहले 3 देशों की बात समझ में आती है क्योंकि ये विकसित देश हैं।

लेकिन मॉरिशस को 100 से अधिक अमीरों का पलायन चिंता का विषय है क्योंकि यदि मॉरिशस अमीरों को आकर्षित कर सकता है तो निश्चित रूप से भारत के लिए भी इन्हें आकर्षित करना संभव होना चाहिए था। लेकिन हमारी चाल उल्टी है और तेज होती जा रही है। कोविड के संकट से पलायन की यह गति और तीव्र हो गई है। हेनेली एंड पार्टनर्स कंपनी द्वारा अमीरों को एक से दूसरे देश में पलायन करने में मदद की जाती है। इनके अनुसार वर्ष 2020 में भारत से पलायन करने वालों में 63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हमारे यहां से पलायन किए अमीर किसी दूसरे देश में जाकर बसे हैं वहां भी कोविड का संकट था। इसलिए कोविड को पलायन में वृद्धि का कारण नहीं बताया जा सकता।

भारतीय विद्वानों द्वारा पलायन के तीन कारण बताए जा रहे हैं। पहला कि भारत में आयकर की दर अधिक है। यह नहीं टिकता है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में भी आयकर की दरें ऊंची हैं। दूसरा कि भारत में शिक्षा के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। यह नहीं टिकता है क्योंकि भारत की तुलना में मॉरिशस में शिक्षा के अवसर बहुत ही कम हैं। तीसरा कि तकनीक और बैंकिंग क्षेत्रों में अवसर कम हैं। यह भी नहीं टिकता क्योंकि इंफोसिस एवं टाटा कंसलटेंट जैसी तमाम कंपनियां भारत में काम कर रही हैं। निजी बैंकों में भी पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

भारत से पलायन का पहला सच्चा कारण सुरक्षा का है। माना जाता है कि देश की पुलिस अकर्मण्य और भ्रष्ट है। अमीरों को अपने परिवार की सुरक्षा की विशेष चिंता होती है। वे नहीं चाहते कि किसी चौराहे पर उनके परिवार को अगवा कर लिया जाए। दूसरा कारण धार्मिक उन्माद है। अमीर लोग धन कमाना चाहते हैं। उन्हें शांत और स्थिर सामाजिक वातावरण चाहिए होता है। अपने देश में धार्मिक विवाद पूर्व से ही थे। वर्तमान समय में ये बढ़ ही रहे हैं। तीसरा कारण मीडिया और मनोरंजन की स्वतंत्रता का अभाव है। वर्तमान समय में सरकार द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि आलोचना को दबाया जाए। आलोचकों को देशद्रोह के मामलों में उलझाया जा रहा है। सरकार द्वारा आलोचक मीडिया पर भी विभिन्न प्रकार से दबाव बनाया जा रहा है।

इन 3 कारणों से भारत से अमीरों का भारी संख्या में पलायन हो रहा है और इस पलायन का फल है कि देश की आर्थिक विकास दर 2014 से 2019 से पिछले 5 वर्षों से लगातार गिर ही रही थी। वर्तमान समय में कोविड के संकट में इसमें और तीव्र गिरावट आई है। भारत की अर्थव्यवस्था एक वैक्यूम क्लीनर द्वारा संचालित की जा रही है जो देश की संपत्ति को खींच कर विदेशों को भेज रहा है। कोई आश्चर्य नहीं है कि कोविड के संकट के कारण हम चीन से आगे निकलने के स्थान पर और पीछे होते जा रहे हैं।

इस परिस्थिति में सरकार को निम्न कदमों पर विचार करना चाहिए। पहले, सुरक्षा का वातावरण सुधारने के लिए शीर्ष पुलिस अधिकारियों का बाहरी मूल्यांकन कराना चाहिए। पांचवें वेतन आयोग ने सुझाव दिया था कि सभी क्लास–ए अधिकारियों का हर 5 वर्ष में बाहरी मूल्यांकन कराया जाए। इससे सरकार को सूचना मिलेगी कि कौन अधिकारी देश के नागरिकों की सुरक्षा वास्तव में हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा एक अलग पुलिस भ्रष्टाचार जासूस तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए जो पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार को स्वतरू संज्ञान लेकर ट्रैप करे।

दूसरा विषय धार्मिक उन्माद का है। धार्मिक उन्माद केरल राज्य में पिछले 70 वर्षों में व्याप्त नहीं था। केरल के लोगों से पूछो कि वे हिन्दू हैं या ईसाई तो वे भौचक होकर देखते थे। उन्हें समझ नहीं आता था कि यह सवाल क्यों पूछा जा रहा है। केरल में शिक्षा का स्तर अधिक होना इस धार्मिक सामंजस्य का एक कारण हो सकता है। वहां के नागरिक एक–दूसरे के धर्म के मर्म को समझते हैं और एक–दूसरे से घृणा नहीं करते। मलेशिया में धार्मिक शांति स्थापित है। यद्यपि विभिन्न धर्मों के अनुयायी वहां रहते हैं। इस दिशा में सरकार को हर राज्य में श्इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीय की तरह श्इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिलीजनय स्थापित करना चाहिए। यहां विभिन्न धर्मों के विभाग हों और एक ही छत के नीचे धर्मों के बीच सौहार्दपूर्ण वार्तालाप हो। तब समाज में भी यह सौहार्द फैलेगा। तीसरा विषय मीडिया का है। सरकार को आलोचकों को अपना विरोधी मानने के स्थान पर अपना सहयोगी मानना चाहिए। कोई नेता ब्रह्मज्ञानी नहीं होता। गलतियां हर एक से होती हैं। यदि गलतियों की तरफ शीघ्र ध्यान दिया जाए तो नेता अपने को शीघ्र सुधार लेता है और अधिक समय तक शीर्ष पर बना रहता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि आलोचक मीडिया को अपना विरोधी मानने के स्थान पर अपने सहयोगी के रूप में देखे और उन मीडिया को विशेषकर पुरस्कृत करें, जिनकी आलोचना से सरकार को अपने कदम सुधारने में लाभ मिला है।

अंत में एक और कदम सरकार को उठाना चाहिए। जो शिक्षित एवं अमीर देश छोड़कर पलायन करना चाहते हैं, उनसे भारत की नागरिकता छोडने के लिए विशेष टैक्स लगाकर भारी रकम वसूल करनी चाहिए। देश में ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने किसी समय अमेरिका की नागरिकता ले ली थी और बाद में वे उस नागरिकता को छोडना चाहते थे। अमेरिकी सरकार ने नागरिकता छोडने के लिए उनसे भारी मात्रा में एग्जिट टैक्स वसूल किया। अमेरिकी सरकार का कहना था कि नागरिक के रूप में उन्होंने जिन अमेरिकी सुविधाओं का उपयोग किया है, उसका उन्हें पेमेंट करना होगा। इसी प्रकार भारत से पलायन करने वाले शिक्षित और अमीरों पर एग्जिट टैक्स लगाना चाहिए।

## कामना त्रिपाठी ने निशुल्क अन्न किया वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां। आदर्श नगर पंचायत सोनौली अध्यक्ष कामना त्रिपाठी ने दिनांक 05ध08ध21 को वार्ड नंबर 14 लोहिया नगर आदर्श नगर पंचायत सोनौली में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निशुल्क राशन वितरण का कार्य पूरा किया। कड़ी धूप के कारण राशन लेने पहुंचे कार्ड धारकों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। धूप से बचने के लिए तमाम कार्ड धारक अनाज के लिए साथ लाए थैले एवं बोरी को सिर पर रखकर धूप से बचने की कोशिश करते दिखे। इस तरह से राशन लेने के लिए दुकान पर खड़े कार्ड धारकों को धूप की तपिश सहनी पड़ी और कुछ कार्ड धारक जहां दीवारों के सहारे खड़े होकर धूप से बचने का प्रयास करते दिखे। जिसमें लाभार्थी मनोहर, पानमति, रामरति, सुशीला, कलावती आदि लोगों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निशुल्क राशन प्राप्त किया। राशन वितरण का कार्य कोविड–19 की गाइडलाइन के तहत संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कामना त्रिपाठी अध्यक्ष नगर पंचायत सोनौली, अधिशासी अधिकारी सोनौली राजनाथ यादव, सभासद प्रदीप नायक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य इंदु जायसवाल, सोनौली कोतवाली ै प् मंगल सिंह, प्रदीप प्रजापति, रीमा चौहान, एकता वर्मा तथा नगर पंचायत सोनौली के कर्मचारी अवधेश शुक्ला, अजीत यादव, विजय तिवारी, सोनू गौड़ आदि लोग उपस्थित रहें।



## छोटे लोहिया की जयन्ती पर सपाईयों ने निकाली साइकिल रैली



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। 328 विधानसभा चिल्लूपार में समाजवादी युवा नेता हरेन्द्र यादव की अगुवाई में आज जनेश्वर प्रसाद मिश्र की जयंती पर साइकिल रैली निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में लोग भाग लिए। गोला क्षेत्र के युवा समाजवादी पार्टी के नेता हरेन्द्र यादव की अगुवाई में स्व जनेश्वर प्रसाद मिश्र जिन्हें छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता है। उनकी जयन्ती पर एक साइकिल रैली निकाली गई जो सकरदेईया से चलकर दमोदरा, भूपगढ़, सिधारी, घरावल, भरसी होते हुए डाड़ी चौराहे पर आकर समाप्त हुई। इस रैली के माध्यम से समाजवादियों ने जनता में पहुच कर बर्तमान भाजपा सरकार की निरंकुश शासन प्रणाली और बढ़ती हुई महंगाई के बारे में बताया। हरेन्द्र यादव ने कहा कि इस सरकार मे घरेलू गेस, पेट्रोल, डिजल, सरसों का तेल आशमान छु रहा है। इसपर सरकार का कोई नियंत्रण नही है, और भोली भाली जनता को मुफ्ती राशन बाट रही है। हमे मुफ्ती राशन नहीं चाहिए साहब हमें सामान सस्ती चाहिए जिससे कम पैसे में हम गरीबों का जीवन बसर हो सके। इस अवसर पर शिवकुमार यादव, अजित सिंह सुरज यादव, फौजदार यादव, सुबाष राय, संजय हरिजन, नेबुलाल, मनोज तिवारी, उमेश उपाध्याय, इंद्रसेन उपाध्याय, शेषनाथ राय, सुनील, छोटू आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निशुल्क राशन वितरण



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। आज दिनांक 5 अगस्त को अन्न महोत्सव के शुभ अवसर पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर गरीब कल्याण योजना अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थियों को फूल माला पहनाकर बैग में आमंत्रण कार्ड के साथ प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन ( 3 किलोग्राम गेहूं व 2 किलोग्राम चावल ) तथा अंतोदय राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक 35 किलोग्राम निःशुल्क राशन (20 किलोग्राम गेहूं व 15 किलोग्राम चावल ) दिया गया। इस अन्न महोत्सव के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत डेहरीभार के प्रधान प्रतिनिधि डा राणा सत्यप्रकाश सिंह सिसौदिया, लाहीडाड़ी के प्रधान मनोज यादव , तेन्दुहानी की प्रधान सुधा देवी, डाड़ी खास के प्रधान राजू यादव , भरसी के प्रधान राम मिलन, चिलवां के प्रधान रणवीर चन्द, पोखरीगांव के प्रधान रामनिवास गुप्ता, पकड़ी के प्रधान राणा प्रताप सिंह सहित प्रत्येक गांव के प्रधानों ने मिठाई और बैग में राशन रखकर ससम्मान वितरित किया।

# जिला अस्पताल में सभी बेड फुल, दवाओं की किल्लत

देवरिया। मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल के सभी बेड इन दिनों फुल हैं। मौसम के कारण लोग तेजी से वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। इमरजेंसी के अलावा अस्पताल के पुरुष, महिला वार्ड के सभी बेड पर मरीज हैं। मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने से दवाओं की कमी हो गई है। जिससे मरीजों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीज बाहर से दवाएं खरीद रहे हैं।

जिला अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। इमरजेंसी, पुरुष व महिला वार्ड के 230 बेड पर वायरल फीवर के मरीज भर्ती हैं। वायरल फीवर की चपेट में बच्चे भी आ रहे हैं। पीआइसीयू में 15 बेड व चिल्ड्रेन वार्ड में 17 बेड हैं। यहां सभी बेड फुल हैं। पीआइसीयू में एक बेड पर दो–दो गंभीर मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। इमरजेंसी दवाओं की है कमी: जिला अस्पताल में बजट नहीं मिलने से लोकल स्तर पर दवाओं की खरीदारी नहीं हो पा रही है। इन दिनों इमरजेंसी दवाएं आइबी कैंडुला, डेक्सामेथाजोन, डोपामीन, मेथेंट्रीन आदि नहीं हैं। इसके अलावा इयर ड्राप, आई ड्राप, गैस आदि की दवाएं नहीं है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया के अचार्य डा. आनंद मोहन वर्मा ने बताया कि इन दिनों वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। मरीज को तेज बुखार, बदन में दर्द, सर्दी, खांसी, दस्त व बुखार के कारण झटका आ रहा है। जिला अस्पताल के सभी बेड फुल हैं। मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। जो भी व्यवस्था है उसमें बेहतर कार्य सभी चिकित्सक कर रहे हैं। जरूरी दवाएं हैं, जो नहीं है उसे मंगाया जा रहा है।

# डाक्टर व पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी दूर करने में जुटा महकमा

देवरिया। कोरोना संक्रमण की पहली व दूसरी लहर के दौरान डाक्टर, स्टाफ नर्स व पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी का भी दंश लोगों को झेलना पड़ा। कोरोना संक्रमितों के इलाज में जुटे डाक्टर पाजिटिव हुए तो उनका विकल्प नहीं मिला। नतीजतन मरीजों को रेफर करना पड़ा। चेस्ट रोग विशेषज्ञों की कमी खली और उसका खामियाजा तमाम कोरोना संक्रमितों को भुगतना पड़ा। तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग इस बार डाक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ को तैनात करने में जुटा है।

जिले में अस्पतालों में बच्चों के इलाज के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। जिले की कुल आबादी तकरीबन 35 लाख है। जिले में 19 शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञों की तैनाती है। दो चेस्ट फिजिशियन, तीन जनरल फिजिशियन हैं। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए विभाग ने शासन को पत्र लिखा है। जिले में कुल 16 सीएचसी, 15 पीएचसी व 68 न्यू पीएचसी हैं। यहां पर्याप्त एनएम व एनएम की तैनाती है। पैरा मेडिकल स्टाफ व सफाईकर्मियों की कमी दूर करने में विभाग लगा है। कोरोना संक्रमण के समय वार्डों की सफाई के लिए कर्मचारी नहीं मिल रहे थे। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि जिले में तीसरी लहर की आशंका से निपटने के लिए तैयारी लगभग पूरी है। जिले में 19 शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ हैं। इसके अलावा दो चेस्ट रोग विशेषज्ञ व तीन जनरल फिजिशियन हैं। डाक्टरों की कमी दूर करने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। तैयारियों के क्रम में जहां भी कमियां मिल रही हैं, उसे दुरुस्त किया जा रहा है।

# 3600 की जांच रिपोर्ट निगेटिव, एक नया केस

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण को रोकने का विभाग का अभी तक का प्रयास सफल रहा है। बीच में कोरोना संक्रमण शून्य पर आ गया था लेकिन पांच दिन से लगातार एक मरीज हर रोज पाजिटिव आ रहे हैं। उच्चाधिकारियों की नजर कोरोना संक्रमण की रिपोर्ट पर है। एक बार फिर अधिकारी अगली लहर की आशंका को देखते हुए लोगों को जागरूक करने में जुट गए हैं। स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कराने में जुटा है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 3600 निगेटिव व एक पाजिटिव मिला है। जिले में कोरोना संक्रमितों की अभी तक की कुल संख्या 20210 हो गई है। अभी तक 19981 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। कोरोना से जिले में अभी तक 218 लोगों की मौत हुई है। सक्रिय केस की संख्या 11 है। होम आइसोलेशन में नौ कोरोना संक्रमित भर्ती हैं। 24 घंटे में 3712 लोगों की सैंपलिग की गई। अभी तक कुल 793933 लोगों की जांच की जा चुकी है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि आई कोरोना जांच रिपोर्ट में एक की रिपोर्ट पाजिटिव है। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसमें लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

डीएम व एसपी ने लोगों से मास्क लगाने की अपील: देवरिया। डीएम आशुतोष निरंजन व एसपी डा. श्रीपति मिश्र ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड नियमों का गंभीरता से पालन करें। मास्क लगा कर हम अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं। हमें अपने लिए, अपने परिवार को सुरक्षित रखना है तो मास्क लगाना ही होगा। शारीरिक दूरी का पालन करें, भीड़ में जाने से बचें।

# बापू के पांव पड़ते ही धधक उठी थी आजादी की चिंगारी

महराजगंज। चार अक्टूबर 1929 को तराई में एक अजीब सी हलचल थी। घुघली रेलवे स्टेशन पर उमड़े जनसैलाब की निगाहें आजादी के महानायक महात्मा गांधी की एक झलक पाने को बेताब थी।

इंतजार खत्म हुआ और बापू के पांव पड़ते ही जयकारों से माहौल गूंज उठा। बापू के आने की भनक दो रोज पहले ही लोगों को लग गयी थी। कुशीनगर, देवरिया और गोरखपुर से तमाम लोगों ने एक दिन पूर्व ही रेलवे स्टेशन पर अपना डेरा जमा लिया था।

हजारों की भीड़ देखने के बाद बापू के संबोधन के लिए बैकुंठी घाट को चुना गया। जहां एक बरगद का वृक्ष उनकी उपस्थिति का गवाह बना। जय भारत के उद्घोष से शुरू हुए बापू के संबोधन ने उपस्थित लोगों के जेहन में न सिर्फ आजादी का जज्बा भर दिया, बल्कि अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारों से आजादी की चिगारी भड़क उठी। बापू के ठहरने की बात पर भाग खड़े हुए मिल के मैनेजरः बापू के आने की सूचना और मिल के गेस्ट हाउस में उनके ठहरने की सूचना पर अंग्रेजों के खौफ से चीनी मिल के मैनेजर बापू के आने से पूर्व ही गेस्ट हाउस की चाबी लेकर फरार जो गए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुंशी छत्रधारी लाल श्रीवास्तव ने घुघली स्थित अपने आवास पर ठहरने की व्यवस्था बनायी। जहां पहुंच कर बापू ने गुड़ के साथ पानी पीने की इच्छा जाहिर की। उस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिब्बन लाल सक्सेना, मुंशीजी, मिल में कार्यरत अनिल घोष व कुछ अन्य लोगों से गन्ना किसानों की समस्या, जमींदारों की दमनकारी नीतियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की थी।

# चोरों द्वारा घर में चोरी की घटना का अनावरण, तीन चोर गिरफ्तार, चोरी के आभूषण बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

देवरिया। थाना रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मेदनापुर निवासीनी–विद्यावती देवी पत्नी अर्जुन के घर में अज्ञात चोरों द्वारा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए जाने के संबन्ध में थाना रूद्रपुर पर मु0अ0सं0–162ध2021 धारा–457,380 भादसं का अभियोग अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। चोरों की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष रूद्रपुर मय हमराह क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि आज दिनांक 05.08.2021 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम तारासारा स्थित बृजेश पाण्डेय के ईंट भट्ठे के पास से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनके द्वारा अपना नाम पता 01.मोतीलाल पुत्र गोरख नट निवासी–नकटापार थाना–रूद्रपुर जनपद–देवरिया, 02.मक्खन पुत्र लंगड़ नट निवासी–पकड़ी बाजार थाना–मदनपुर जनपद–देवरिया, 03.संजय नट पुत्र महेश नट ग्राम–कंचनपुर थाना–तरकुलवा जनपद–देवरिया बताया गया। अभियुक्तों के पास से 02 जोड़ी चांदी के पायल, 01 जोड़ी चांदी का क्लिप, 01 जोड़ी चांदी का बिछिया, 01 सोने का मंगलसूत्र, 01 जोड़ी कान का झुमका, 01 अदद मांग टीका, 01 जोड़ी सोने की हाथ की पलानी, 01 जोड़ी सोने का कील बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बरामद चोरी के माल को कब्जे में लेते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस प्रकार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी से थाना रूद्रपुर पर अज्ञात चोरों द्वारा की गयी चोरी की घटना के संबन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0–162ध2021 धारा–457,380 भादसं का सफल अनावरण किया गया। 'गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः–'01. मोतीलाल पुत्र गोरख नट निवासी–नकटापार थाना–रूद्रपुर



जनपद–देवरिया, 02.मक्खन पुत्र लंगड़ नट निवासी–पकड़ी बाजार थाना–मदनपुर जनपद–देवरिया, 03.संजय नट पुत्र महेश नट ग्राम–कंचनपुर थाना–तरकुलवा जनपद–देवरिया 'बरामदगी का विवरणः–'02 जोड़ी चांदी के पायल, 01 जोड़ी चांदी का क्लिप, 01 जोड़ी चांदी का बिछिया, 01 सोने का मंगलसूत्र, 01 जोड़ी कान का झुमका, 01 अदद मांग टीका, 01 जोड़ी सोने की हाथ की पलानी, 01 जोड़ी सोने का कील।

# सरकारी कोटे की दुकानों पर मनाया गया अन्न महोत्सव



कुशीनगर। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के अनेको सरकारी उचित दर की दुकानों से अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को अगस्त माह का प्रति यूनिट पांच किलोग्राम खाद्यान्न निरूशुल्क बांटा गया। प्रधानमंत्री की ऑनलाइन वार्ता सुनने करने के लिए अनेको कोटे की दुकाने को फूलों और गुब्बारों से सजाई गई थी। अन्न उत्सव की पूरी तैयारियां पूर्ति विभाग ने व्यापक स्तर पर की थी। उत्सव के दौरान कोविड गाइडलाइनो का पालन करते हुए क्षेत्र के नेबुआ राय गंज, लक्ष्मीपुर, नौरंगिया, परसौनी और किशनपुर विजयपुर सहित अनेको कोटे की दुकानों पर लोगों के बैठने, शुद्ध जल, नास्ता और चाय पीने की भी व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री का संबोधन अधिक से अधिक लोग सुन सकें इसके लिये अनेको दुकानों पर एलसीडी भी लगवाया गया था। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को पांच किलोग्राम प्रति यूनिट की दर से खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से जारी किए गए झोलों में खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए हर कोटे की दुकान पर नोडल अफसर भी तैनात रहे। उपरोक्त महोत्सव में कोटेदारों के द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य और अनेको विशिष्ट नागरिको को भी इस कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसी क्रम में लक्ष्मीपुर के कोटेदार महेश प्रसाद के वहा स्थानीय गांव के ग्राम प्रधान धीरज तिवारी, पत्रकार सूरजभान कुमार भारती, रामछबिला पाण्डेय, वकील राय, रामनिवास मद्धेशिया और नोडल अधिकारी प्रमोद पासवान, परसौनी कोटेदार सीताराम यादव के वहा भाजपा मंडल अध्यक्ष नौरंगिया बृजेश मिश्रा, ग्राम प्रधान सुभावती देवी और पूर्व ग्राम प्रधान कन्हैया चौरसिया, राकेश यादव तथा अमन कुमार, नौरंगिया कोटेदार रामप्यारे के वहा ग्राम प्रधान सन्तोष मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता नागेश्वर गौंड, अजय जायसवाल, रूदल जायसवाल, मनोज पाण्डेय और विनय सिंह और नेबुआ राय गंज के कोटेदार बाबूलाल तथा किशनपुर विजयपुर कोटेदार उपेन्द्र शुक्ला के वहा भी निःशुल्क राशन वितरण के दौरान विशिष्ट जनों सहित नोडल अधिकारी की मौजूदगी में कोविड़ गाइडलाइनो का पालन कराते हुवे पात्र गृहस्ती और अंत्योदय कार्ड धारकों में नियमानुसार राशन वितरित किया गया।

# जनता की सेवा करना मेरा लक्ष्य–अभय प्रताप राव



दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा/कुशीनगर। विधानसभा क्षेत्र 334 हाटा क्षेत्रान्तर्गत अभय प्रताप राव ने कई गांवों का दौरा किया। कुशीनगर जनपद के विधानसभा क्षेत्र हाटा के युवा भाजपा नेता अभय प्रताप राव ने विधानसभा के असना महुइ खोड्डा आदि गांवों का भ्रमण कर जनता की समस्याओं से अवगत हुए इस अवसर पर उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताया उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अभय प्रताप राव ने कहा कि प्रदेश और देश की सरकारें जनहित में काम कर रही हैं, और आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ महाराज के नेतृत्व में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए किए गए कार्यों को आम जनता के बीच पहुंचाने का काम करे तथा देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास के नए आयाम लिखे जा रहे हैं। दिन प्रतिदिन जनहित की परियोजनाएं सरकार द्वारा लागू की जा रही हैं जब प्रदेश कोरोना के संक्रमण से गुजर रहा था। भाजपा की सरकार ने आम जनता को राहत पहुंचाने का काम किया और वर्तमान समय में फ्री टीकाकरण का काम पूरे देश में चलाया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित लोगों को निशुल्क इलाज किया जा रहा है ,तथा आने वाले समय में देश और प्रदेश की जनता का मान सम्मान भाजपा की सरकार में सुरक्षित रहेगा विधानसभा क्षेत्र हाटा की जनता की सेवा करने का लक्ष्य लेकर मैं प्रतिदिन विधानसभा के गांव का भ्रमण कर रहा हूं। इस दौरान वीरेंद्र सिंह अरविंद त्रिपाठी रामाशंकर सिंह मुकेश मिश्रा राजू उपाध्याय बृजेश सिंह उपेंद्र तिवारी ग्राम प्रधान संतोष कुमार पूर्व प्रधान रामाशीष राय जितेंद्र त्रिपाठी रामप्रीत मल्ल आदि उपस्थित रहे।

## देवरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान जारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

देवरिया। भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद करते हुए 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 05 अभियोग पंजीकृत किये गए। पुलिस अधीक्षक देवरिया डाँ श्रीपति मिश्र द्वारा कच्ची शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान दिनांक 04.08.2021 को समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के क्रंम में अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत संभावित स्थानों पर दबिस देते हुए कुल 70 लीटर अवैध कच्चीध्अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरूद्ध विभिन्न थानों पर कुल 05 अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस द्वारा अवैध गांजा के साथ दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश , देवरिया। श्याम सुन्दर तिवारी थानाध्यक्ष भटनी देखभाल क्षेत्र, रोकथाम अपराध, तालाश वांछित अभियुक्त हेतु क्षेत्र मे भ्रमणशील थे, कि मुखबिर से सूचना पर ग्राम बलुआ अफगान से दो व्यक्तियों के पास से 2.350 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों से नाम पता पूछे जाने पर उनके द्रारा अपना नाम पता 01.अर्जुन कुमार पुत्र दिलीप कुमार सा0 सिसवनिया टोला थाना सलेमपुर जनपद देवरिया 2. छोटू पुत्र सकूल सा0 रेलवे स्टेशन के बगल में सिसवनिया टोला थाना सलेमपुर जनपद देवरिया बताया। उनके पास बरामद 2 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा को कब्जे में लेते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम में कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

देवरिया। दिनांक 04.08.2021 को जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके परिप्रेक्ष्य में जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण निम्नवत है–वाहन चेकिंग के दौरान 151 वाहनों से 1,52,000 रूपये शमन शुल्क (ई–चालान) किया गया।

## पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

देवरिया। थानाध्यक्ष महुआडीह देखभाल क्षेत्र, रोकथाम अपराध, तालाश वांछित अभियुक्त हेतु क्षेत्र मे भ्रमणशील थे, कि मुखबिर से सूचना पर ग्राम पकड़ी वीरभद्र से एक अभियुक्त को 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से नाम पता पूछे जाने पर उसके द्रारा अपना नाम पता 01.मोनू यादव पुत्र गोरख यादव सा0 सहोदर पट्टी थाना महुआडीह जनपद देवरिया बताया गया। पुलिस टीम द्वारा बरामद 1 किग्रा0 100 ग्राम अवैध गांजा को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सरकार का संकल्प, सबको राशन सबका पोषण– पवन केडिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

कुशीनगर। आज हाटा विधानसभा के नगरपालिका क्षेत्र के पिपरही भड़कुलवा मे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत निशुल्क राशन वितरण स्थानीय विधायक पवन केडिया ने किया। विधायक ने विकास खंड मोतीचक के ग्राम असना व महुई में भी निशुल्क राशन वितरण किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों ने सुना। उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पवन केडिया ने कहा कि हमारी सरकार दलित, पिछड़े व गरीबों के प्रति कातिबद्ध है इस भयंकर महामारी के दौरान हमारे मोदी व योगी ने हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हुए अनेक योजनाये लागू की जो सीधे तौर हर जरुरत मंदो का सहायक सिद्ध हुए है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री अन्न योजना के अन्तर्गत प्रदेश के लगभग 15 करोड़ लोगों को दीपावली तक मुफ्त राशन दिया जायेगा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी पीके त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर, प्रभारी निरिक्षक जेपी पाठक, पूर्ति निरीक्षक रविन्द्र सिंह, डा एल बी यादव, सूचित गोड़, टुनटुन राव, दीनदयाल सिंह, रामशीष सिंह, रामानंद सिंह, मुन्शी सिंह, रजनीश बर्नवाल, सुधाकर पांडेय, रामेश्वर वर्मा, बाँके लाल चौहान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



# अपने फिल्मी करियर में पहली बार डबल रोल करने जा रहीं तापसी पन्नू



जब से अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपने प्रोडक्शन हाउस आउटसाइडर फिल्म्स लॉन्च किया है, वह सुर्खियों में हैं। ब्लर उनके होम प्रोडक्शन में बनने वाली पहली फिल्म है, जिससे जुड़ीं आए दिन नई–नई जानकारियां सामने आ रही हैं। पिछले दिनों खबर आई कि फिल्म में तापसी अभिनय भी करेंगी। खास बात यह है कि वह इसमें डबल रोल करती दिखेंगी और यह उनके करियर की ऐसी पहली फिल्म होगी, जिसमें वह दोहरी भूमिका में दिखेंगी।

ब्लर 2010 में आई स्पैनिश थ्रिलर फिल्म जूलियाज आइज का हिंदी रीमेक है। रिपोर्ट के मुताबिक इसमें तापसी मशहूर स्पैनिश अभिनेत्री बेलेन रुएदा वाली भूमिका निभाएंगी। बेलेन ने फिल्म में डबल रोल किया था। अब तापसी भी फिल्म में दो अलग–अलग किरदारों में नजर आएंगी। फिल्म में वह तापसी दो जुड़वां बहनों की भूमिका में दिखेंगी। इससे पहले तापसी सुजॉय घोष की फिल्म बदला में काम कर चुकी हैं, जो स्पैनिश फिल्म इनविजिबल गेस्ट का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म का निर्देशन गुइलम मोरालेस ने किया था, जो इसके लेखक भी थे।

गिलर्मो डेल टोरो, जोकिन पड्रो और मार टारगारोना ने इस फिल्म का निर्माण किया था। बेलेन के अलावा फिल्म में लुईस होमरे और जूलिया गुतिरेज काबा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपनी जुड़वां बहन की रहस्मयी मौत की गुत्थी सुलझा रही होती है और धीरे–धीरे एक आनुवंशिक समस्या के चलते उसकी आंखों की रोशनी चली जाती है।

तापसी ने कुछ ही दिन पहले नैनीताल की खूबसूरत वादियों में इस फिल्म की शूटिंग शुरू की है। लाइन प्रोड्यूसर मयंक तिवारी ने बताया, पहले दिन होटल और रेस्तरां में फिल्म में तापसी और उनके पति की भूमिका निभा रहे गुलशन देवैया के बीच कुछ रोमांटिक और कुछ गहमागहमी के सीन फिल्माए गए। नैनी झील के भी कई दृश्य लिए गए। खबर है कि अगले 40 दिनों तक नैनीताल और आसपास के इलाकों में फिल्म की शूटिंग होनी है।

तापसी फिल्म शाबाश मिठू में काम कर रही हैं। यह भारतीय क्रिकेट टीम की कैप्टन मिताली राज के जीवन पर आधारित है। वह अभिनेता ताहिर राज भसीन के साथ कॉमेडी थ्रिलर फिल्म लूप लपेटा में दिखाई देंगी। आकर्ष खुराना के निर्देशन में बनी फिल्म रश्मि रॉकेट में तापसी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। वह निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म दोबारा में काम कर रही हैं। तापसी तमिल थ्रिलर फिल्म जन गण मन का भी हिस्सा हैं।

## पूजा हेगड़े ने राधे श्याम पर दिया अपडेट

अभिनेत्री पूजा हेगड़े जल्द ही अभिनेता प्रभास के साथ लव स्टोरी राधे श्याम में नजर आएंगी। यह फिल्म कई भाषाओं में



रिलीज होगी। पूजा का कहना है कि फिल्म की शूटिंग अब लगभग खत्म होने वाली है। राधे कृष्ण कुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का अब तक सिर्फ टीजर ही रिलीज हुआ है। अभिनेत्री ने कहा है, हमारी शूटिंग बस खत्म ही होने वाली है। बस हफ्ते भर से दस दिन तक की शूटिंग बची हुई है और फिर सब कंप्लीट हो जाएगा। माहौल जब ठीक होगा, तभी प्रोड्यूसर्स फैसला लेंगे कि इसे कब रिलीज करना है। यह पहली बार है, जब पूजा पर्दे पर प्रभास के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। वह इस लव स्टोरी को लेकर काफी एक्साइडेड हैं, हालांकि उन्होंने अपने किरदार पर चुप्पी साधा रखी है। पूजा कहती हैं, मैं अभी अपने किरदार के बारे में बात नहीं कर सकती। शायद फिल्म के रिलीज होते वक्त मैं इस पर खुलासा कर पाउंगी। बस इतना कह सकती हूं कि यह फिल्म एक मैच्योर लव स्टोरी है। खूब सारी एक्शन फिल्मों के बाद प्रभाव को रोमांटिक फिल्म में काम करते हुए देखना काफी इंटेरेस्टिंग होगा और मैंने खुद भी काफी लंबे समय से एक प्रॉपर लव स्टोरी में काम नहीं किया है इसलिए मेरे लिए भी यह रोमांचकर है।

## माँ का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार



विश्व में प्रति वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह (दिवस) मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व भर की महिलाओ को स्तनपान के महत्व के बारे में बताना है. क्योंकि महिलाएं बदलती जीवनशैली और कामकाज में इतनी व्यस्त होती है की अपने बच्चो को स्तनपान करवाने का समय नहीं निकाल पाती है. एक नवजात शिशुओं के लिए माँ का दूध अमृत के सामान होता है. जो की बच्चे के पुरे जीवन में कुपोषण व अतिसार जैसी बीमारियों से रक्षा करता है. विश्व स्तनपान दिवस या सप्ताह को बढ़ावा देकर विश्व भर में बच्चो की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है.

विश्व स्तनपान सप्ताह (दिवस)

विश्व के हर एक महिला को बच्चे को जन्म से 6 महीने तक केवल अपना ही दूध पिलाना चाहिए. माँ का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार होता है. बच्चे को स्तनपान कराने से माँ को होने वाले लाभः बच्चे को स्तनपान कराने से माँ का प्रसव के बाद होने वाले रक्त स्राव को रुक जाता है जिससे माँ में खून की कमी होने का खतरा कम हो जाता है. बच्चे को स्तनपान कराने से विश्व की अधिकतर माँ को मोटापे की शिकायत नहीं होती. यह बच्चों के जन्म में अंतर रखने में भी सहायक होता है. स्तनपान कराने से माँ के स्तन और अंडाशय में कैंसर का खतरा कम हो जाता है. साथ ही स्तनपान माँ की हड्डियों की कमजोरी से बचाता है. माँ से मिलने वाले दूध में कोलेस्ट्रम होता है जो की शिशु को प्रतिरोधक को बढाता है और शिशु को रोगों से बचाने के साथ उसकी अच्छे से वृद्धि करता है. शिशु को ऊपरी दूध पिलाने के नुकसानः बच्चे को ऊपरी दूध पिलाने से संक्रामक रोगों की आशंका बनी रहती है

ऊपरी दूध पिलाने से बच्चे को सही मात्रा में प्रोटीन, फैट, विटामिन व मिनरल नहीं मिल पाता साथ ही बच्चे को एलर्जी का खतरा बना रहता है. ऊपरी दूध पिलाने से बच्चे की बौद्धिक क्षमता के विकास में दिक्कत आती है.

स्तनपान के बारे में कुछ रोचक तथ्यः एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में 0–6 महीने की आयु में केवल 38 प्रतिशत शिशु ही स्तनपान कर पाते है. एक रिपोर्ट के मुताबिक जल्दी (पहले घंटे के भीतर) स्तनपान कराने से 20 प्रतिशत नवजात शिशु मृत्यु को रोका जा सकता है. अगर शिशुओं को पहले 6 महीने तक पूर्णरूप से स्तनपान कराया जाता हैं, तो बच्चे की डायरियाध्दस्त से मरने की संभावना 11 बार कम होती है और निमोनिया से मरने की संभावना 15 गुना कम हो जाती है. स्तनपान कम से कम महंगा है. इस सभी कारणों की वजह से 1 अगस्त से 7 अगस्त तक दुनिया यानी के हर देश में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है.

डीटी. काजल तिवारी (डायटीशियन)(डिपार्टमेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी केजीएमयू लखनऊ)

## सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई जान–बूझकर 'चुप्पी' साध रही हैः महाराष्ट्र कांग्रेस



कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) पर फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में जांच पर "चुप्पी" साधने का आरोप लगाया। सीबीआई ने एक साल पहले मामले में जांच संभाली थी। पार्टी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल केंद्र अपने खुद के "राजनीतिक एजेंडा" के लिए कर रहा है। राजपूत (34) 14 जून, 2020 को मुंबई के बांद्रा इलाके में अपने अपार्टमेंट में पंखे पर फंदे से लटके मिले थे और सीबीआई ने पिछले साल अगस्त में जांच का जिम्मा संभाला था। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने ट्वीट किया, "सीबीआई द्वारा सुशांत सिंह राजपूत की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की जांच बिहार पुलिस से लिए हुए आज एक साल हो गया। बिहार पुलिस द्वारा प्राथमिकी सीआरपीसी की धारा 177 के तहत दर्ज की गई थी। शीर्ष अदालत ने भी मुंबई पुलिस द्वारा की गई जांच पर संतुष्टि जताई थी।" उन्होंने कहा कि अब 300 दिन से भी ज्यादा हो गए हैं जब एम्स की एक समिति ने हत्या होने की बात खारिज कर दी थी। उन्होंने ट्वीट में आरोप लगाया, "सीबीआई जान–बूझकर चुप है। राष्ट्रीय जांच एजेंसियों द्वारा जांच का यह मजाक इस बात का उपयुक्त उदाहरण है कि मोदी सरकार इन एजेंसियों का इस्तेमाल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए कैसे कर रही है।" सावंत ने एक अन्य ट्वीट में दावा किया कि गुप्तेश्वर पांडे (बिहार के पूर्व डीजीपी) को भाजपा के राजनीतिक एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया गया जो मुंबई पुलिस की छवि को "धूमिल" करने और महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को "अस्थिर" करने का था। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, "भाजपा इस मामले को खुलेआम हत्या, बलात्कार का एंगल देकर निम्नतम स्तर तक गिर गई थी और उसने सुशांत की मृत्यु के मामले का बिहार के चुनावों में भी इस्तेमाल किया।" सावंत ने दावा किया कि एमवीए सरकार पर "समन्वित हमला" किया गया था।

## करियर में किसी बात का पछतावा नहींः श्वेता तिवारी



टेलीविजन स्टार श्वेता तिवारी पिछले दो दशकों से अधिक समय से अभिनय इँडस्ट्री का हिस्सा हैं। जिस तरह से उनके करियर को आकार मिला है, अभिनेत्री इससे खुश हैं और उन्हें किसी बात का पछतावा नहीं है। श्वेता ने साल 1999 में काम करना शुरू किया था, यह लोकप्रिय टीवी शो कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा शर्मा बजाज का उनका चित्रण था, जो 2001–2008 तक चला, जिसने उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया।

बाद में उन्हें परवरिश, बेगूसराय और मेरे डैड की दुल्हन सहित टेलीविजन श्रृंखलाओं में देखा गया। श्वेता ने मैं अपने करियर विकास से बहुत खुश हूं, यहां तक कि मैंने अपने करियर में जो गलतियां की हैं। मैंने उनसे कुछ सीखा है। मुझे अपने करियर में किसी बात का पछतावा नहीं है। 40 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, मैंने कभी खुद को नीरस नहीं बनाया। मैंने बार–बार एक ही तरह की भूमिकाएँ नहीं कीं। जब तक मैं काम कर रही हूँ तब तक मैं अलग–अलग काम करने जा रही हूँ। मेरे लिए, पैसा मानदंड नहीं था, काम मानदंड था। अभिनेत्री ने कहा, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मैं बहुत खुश होती हूं और आगे देखना चाहती हूं। मैं कई भूमिकाएं और अलग तरह के काम करना चाहती हूं। श्वेता फिलहाल कलर्स पर फिल्म निमार्ता रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए गए खतरों के खिलाड़ी के 11वें सीजन में नजर आ रही हैं।

## अपनी डाइट में शामिल करें चकोतरा, मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई फायदे



आज हम जिस फल के फायदे आपको बताने जा रहे हैं, उसको कुछ लोग गुलाबी संतरे के नाम से जानते हैं तो कुछ लोग इसे चकोतरा कहते हैं। खैर आप चाहें इसे किसी भी नाम से जानें, स्वाद में खट्टा–मीठा यह फल कई पोषक तत्वों से समृद्ध होता है जो स्वास्थ्य को विभिन्न रूप से फायदा पहुंचा सकते हैं। आइए आज आपको संतरे की तरह दिखने वाले इस फल के सेवन से मिलने वाले कुछ फायदे बताते हैं।

मधुमेह के जोखिमों से राहत दिलाने में है कारगर

खून में ग्लूकोज की मात्रा बढने से मधुमेह का खतरा हो सकता है जिसके जोखिमों से राहत देने में चकोतरा का सेवन कारगर साबित हो सकता है।

एक शोध के अनुसार, चकोतरा में एंटी–डायबिटिक गुण मौजूद होते हैं, जो खून में मौजूद ग्लूकोज की मात्रा को कम करने में मदद कर सकता है। हालांकि, मधुमेह रोगी चकोतरा से ज्यादा इस बीमारी के सही उपचार को प्राथमिकता दें।

हृदय का बन सकता है सुरक्षा कवचः हृदय को स्वस्थ्य बनाए रखने और हृदय रोग से संबंधित जोखिमों से राहत दिलाने में चकोतरा का सेवन काफी हद तक कारगर साबित हो सकता है। एक शोध के मुताबिक, चकोतरा में बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो हृदय जोखिमों से राहत देने में कारगर है। वहीं, इसमें फ्लेवोनोइड, फाइबर, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन– सी जैसे कई पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो हृदय को पूर्ण सुरक्षा देने में सहायक हैं।

ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में करें मदद

ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में भी चकोतरा का सेवन अहम भूमिका अदा कर सकता है। दरअसल, चकोतरा में सायनायडिंग 3 ग्लूकोसाइड नाम का एक खास तत्व पाया जाता है। यह तत्व न सिर्फ खून में मौजूद अशुद्धियों को दूर करने में मदद कर सकता है बल्कि ब्लड सर्कुलेशन की प्रक्रिया को भी सही रखा जा सकता है। रोजाना एक चकोतरा का सेवन ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है।

बढ़ते वजन से निजात दिलाने में है सक्षम

बढ़े हुए वजन को कम करने का प्रयास करने वाले लोगों के लिए भी चकोतरा का सेवन बेहद फायदेमंद सिद्ध हो सकता है।

एक शोध के अनुसार, इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को मजबूत करने के साथ–साथ वसा को कम करने का काम कर सकता है। वहीं, इसमें मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड वसा को बढने से रोकने में मदद कर सकता है। इसलिए वजन कम करने वाले अपनी डाइट में चकोतरा को जरूर शामिल करें।

